सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

गुरुवार 04.07.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 75

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## जोगता 11 नंबर बस्ती में भू धंसान से मची अफरा-तफरी



**कतरास।** भू धंसान प्रभावित जोगता 11 नंबर बस्ती में बुधवार को पुन : एक बार भू धंसान से अफरा तफरी का माहौल रहा। बताते चलें कि उस क्षेत्र में इससे पहले भी कई बार भू धंसान की घटनाएं हो चुकी हैं। मुआवजा व नियोजन की आस में यहां सैकड़ों लोग डर व दहशत के साये में जीने को विवश हैं। प्रबंधन ने इलाके को भू धंसान क्षेत्र बताकर असुरक्षित घोषित कर दिया है। यहां के ग्रामीणों को तत्काल सुरक्षित ढंग से पुलर्वासित नहीं किया गया तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

## असंगठित मजदूर ने घर में फांसी लगा कर की आत्महत्या

■ पुत्री की शादी के लिए था परेशान, बच्चों सहित पत्नी मायके में थी

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के पथरबंग्ला निवासी असंगठित मजदूर 50 वर्षीय कैलाश राम ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार को आसपास के लोगों के सहयोग से शव को फंदे से उतारकर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के वक्त उसकी पत्नी बच्चे के साथ पश्चिम बंगाल के आसनसोल स्थित मायके में थी। आसपास के लोगों ने बताया कि कैलाश पुत्री अंजली की शादी की तैयारी में था। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। समय पर काम नहीं मिलता था। पुत्री के अलावा दो पुत्र भी है । जानकारी मिलने के बाद पत्नी बच्चों सहित पथरबंग्ला पहुंच गई है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। आसपास के लोग शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। मगर पुलिस ने कानूनी प्रावधान का हवाला देकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सांसद ढुल्लू महतो कोर्ट में नहीं हुए हाजिर

**धनबाद।** नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज व मारपीट के एक मामले में बुधवार को धनबाद भाजपा सांसद ढुल्लू महतो अदालत में हाजिर नहीं हुए। आज मुकदमा अभियुक्तों के पुलिस पेपर के सप्लाई करने के लिए निर्धारित था। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित कर दी है। कुंती देवी की शिकायत पर बरोरा थाने में 23 फरवरी 22 को केस की गई थी।

## सुशांतो हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता, उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल की हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई। कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे। गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी, जबकि प्रदीप तुरी एवं गणेश स्वर्णकार घायल हो गए थे।

# पूर्व मुखिया के घर डकैती कांड के छह आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**लूट के आभूषण, बाइक समेत कई सामान बरामद, डीएसपी ने दी जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** टुंडी प्रखंड के मनियाडीह थाना अंतर्गत बस्तीकुल्ही निवासी और पूर्व उपमुखिया सुकर मुर्मू के घर विगत 25 जून को डकैती के सिलसिले में पुलिस ने छह लगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट के आभूषण समेत आठ हजार रुपये बरामद किये गये हैं। डकैती में उपयोग की गई बाइक और अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। डीएसपी दो संदीप गुप्ता ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हथियार बंद अपराधियों ने डकैती को अंजाम दिया था। घर वालों को हथियार के बल पर बंधक बनाकर कीमती समान और रुपये लूट लिये थे। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन द्वारा गठित टीम ने छापेमारी की और 6 अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार प्रकाश कर्मकार का अपराधिक इतिहास रहा है। कतरास में एक ज्वेलरी दुकान चलाने वाले सोचिंतर बर्मन को भी गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने बताया कि विनोद कुमार पूर्व उपमुखिया सूकर मुर्मू का पड़ोसी है। उनसे दो साल पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए डकैती को अंजाम दिया। बताया कि शराब पीकर पांच अपराधियों ने डकैती की और सामान कतरास की ज्वेलरी दुकान में बेच दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मनियाडीह के विनोद कुमार सेन, तेतुलिया के सूरज भुइयां, आम बगान बस्ती निवासी प्रकाश कर्मकार, कतरास का हराधन साव, सोचिंतर बर्मन और हरलाडीह का रूपेश कुमार सेन शामिल है। प्रेस वार्ता में मनियाडीह थाना प्रभारी शिव कुमार, पुअनि अजय कुमार सिंह और संजय कुमार कुशवाहा भी मौजूद थे।

**बरामद सामान**

बरामद सामान में सोने का एक छोटा लॉकेट, एक जोड़ा कान की बाली, सोने का एक बडा लॉकेट, सोने की नथुनी, चांदी का एक जोड़ा पायल, चांदी का चन्द्रहार, चांदी की चेन व कड़ी, चांदी की चूड़ी आदि शामिल हैं। डकैती में प्रयुक्त टीवीएस स्टार सिटी मोटरसाइकिल, रियलमी कम्पनी का एक स्मार्ट फोन भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 4 स्मार्ट फोन जब्त किया गया है।

## कालूबथान के सांवलापुर में अवैध लॉटरी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**मैथन।** कालूबथान ओपी क्षेत्र के सांवलापुर गांव में अवैध लॉटरी का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने मंगलवार की शाम सांवलापुर के चार घरों में छापेमारी कर 25 प्रिंटर, 165 बंडल फर्जी लॉटरी, दो लैपटॉप, एक जेरॉक्स मशीन, 5 पेपर कटिंग मशीन, स्टेपलर सहित फर्जी लॉटरी छपाई में इस्तेमाल किए जाने वाले कई तरह के पेपर एवं अन्य सामग्री जब्त की है। साथ ही गांव के ही कामाख्या मंडल एवं बासु मंडल को गिरफ्तार भी किया है। एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर इस अवैध छपाई में शामिल चार अन्य लोगों के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया गया है और छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम बनाकर छापेमारी की गई।

## डीसी ने दिया मतदाता पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश



● **बीएलओ को दिया घर-घर मतदाताओं का सत्यापन करने का टास्क**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बुधवार को समाहरणालय में डीसी माधवी मिश्रा ने की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से घर-घर सत्यापन, बूथ रेशनलाइजेशन, लंबित फॉर्म 6,7 एवं 8, एएमएफ समेत अन्य कार्यो की जानकारी ली। सभी ईआरओ एवं एईआरओ को कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश पर 25 जून से मतदाता पुनरीक्षण कार्य शुरू हुआ है, जिसमें बीएलओ को घर-घर जा कर मतदाताओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा समेत सभी एईआरओ मौजूद थे।

### एक नजर में

## डेढ़ माह में ही शालीमार बस्ती का ट्रांसफारमर खराब, आक्रोश

**पानी-बिजली उपभोक्ता मंच ने की रिजर्व ट्रांसफॉर्मर की मांग**

**जोड़ापोखर।** जेबीवीएनल के डिगवाडीह सब-स्टेशन अंतर्गत शालीमार बस्ती का ट्रांसफॉर्मर बीती रात फिर खराब हो गया। खराबी के बाद लोगों में भीषण आक्रोश है। बताते हैं कि विगत 15 मई को इस 200 केवी के ट्रांसफॉर्मर में खराबी आ गई थी जिसे तीन दिन बाद बदल दिया गया था। उस समय उपभोक्ताओं से विभागीय लोगों ने जमकर वसूली भी की थी। भीषण गर्मी में तड़पते उपभोक्ता पैसे देने में पीछे नहीं रहे। लेकिन मात्र 45 दिनों के अंदर फिर ट्रांसफॉर्मर जल गया। अब लोग विभागीय लापरवाही व मरम्मत के नाम पर लीपापोती का आरोप लगा रहे हैं। पानी-बिजली उपभोक्ता मंच के किशोर कुमार ने बताया कि आज सुबह झरिया कार्यपालक अभियंता ने शाम तक नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का दावा किया था। लेकिन उनका दावा बेकार साबित हुआ। गौरतलब है कि मंच की ओर से डिगवाडीह सब-स्टेशन में एक रिजर्व ट्रांसफॉर्मर की मांग जेबीवीएनल महाप्रबंधक से की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस मांग पर पहल नहीं हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश है।

## नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को पांच वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिग से छेड़खानी करने व उसकी अश्लील फोटो वायरल कर देने के मामले में आज बुधवार को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी कोडरमा जयनगर निवासी सौरभ सिंह को पांच वर्ष की सश्रम कैद एवं एक लाख 14 हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है। मंगलवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। सौरव विगत 9 दिसंबर 23 से जेल में बंद है । प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर बरोड़ा थाने में 9 दिसंबर 23 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुतबिक सौरभ की दोस्ती पीड़िता के साथ हो गई थी। इसके बाद सौरभ ने उसे बहला फुसलाकर उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया और उसके सहारे पीड़िता को शादी करने के लिए ब्लैकमेल करने लगा था तथा उसके साथ छेड़खानी किया करता था। प्राथमिकी में आरोप है कि जब पीड़िता ने शादी से इनकार कर दिया तो 26 नवंबर 23 को आरोपी सौरभ ने पीड़िता का अश्लील फोटो उसके पिताजी को भेज दिया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 6 फरवरी 24 को सौरभ के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। अभियोजन ने इस मामले में पांच गवाहों का परीक्षण कराया था।

## नीरज सिंह हत्याकांड में संजीव के आवेदन पर आदेश सुरक्षित

**अभिषेक समेत चार लोगों की मोबाइल सीडीआर मंगाने की लगाई थी गुहार**

**धनबाद।** अपने चचेरे भाई नीरज सिंह की हत्या के आरोप में बीते 8 वर्षों से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह के आवेदन पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई । अदालत ने उभय पक्ष ने बहस की। अदालत ने आदेश सुरक्षित रखा है। गौरतलब है कि संजीव सिंह ने आवेदन देकर कांड के सूचक अभिषेक सिंह, एकलव्य सिंह,चश्मदीद निखिलेश सिंह ,अनिल सिंह का 21 मार्च 17 का मोबाइल टावर लोकेशन, सीडीआर ,कंज्यूमर एप्लीकेशन फॉर्म के साथ मोबाइल कंपनी के नोडल अधिकारी को गवाही के लिए बुलाने की गुहार लगाई थी। सुनवाई के दौरान आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया था। 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राइवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे की सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाइक पर सवार कम से कम चार हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

## मानसून में वन विभाग के साथ सभी लोग करेंगे वृक्षारोपण : विकास पालीवाल

**धनबाद।** शहर को प्रदूषण मुक्त और हराभरा बनाने को लेकर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में बीसीसीएल, नगर निगम, सीआईएसएफ, टाटा स्टील, हर्ल, कृषि विभाग, एनजीओ एवं समाजसेवीयों के साथ बैठक की। डीएफओ ने बढ़ते प्रदूषण के खतरे को देखते हुए सभी विभागों एवं स्टेक होल्डरों से मिलकर काम करने की बात कही। साथ ही कहा कि जो भी पौधे लगाये जाते हैं, उसकी देखरेख भी नियमित रूप से हो, तभी हम अपने मिशन में कामयाब हो सकत हैं। इसपर सभी ने अपनी सहमति जतायी। डीएफओ ने बताया कि बरसात का सीजन शुरू हो चुका है, अगले दस दिनों में हमलोग सब मिलकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। इसबार अभियान अलग अलग नहीं होगा, एक दूसरे को को-ऑर्डिनेट कर यह कार्यक्रम चलेगा, ताकि एक ही स्थान पर पौधरोपण का कार्यक्रम रिपीट न हो। इसके लिए सबसे पहले प्रदूषण वाले एरिया जहां वाहनों की आवाजाही ज्यादा होती है, उसपर फोकस किया जायेगा। इसके अलावा ओबी डंप वाले एरिया पर फोकस रहेगा।

## बगोदर में वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, दो मजदूरों की मौत

**मजदूरी कर लौट रहे थे घर, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** बगोदर में मंगलवार की देर रात जीटी रोड पर माहुरी बायपास के पास मजदूरी कर लौट रहे दो बाइक सवार की मौत एक वाहन की चपेट में आने से हो गई। मृतक की पहचान बगोदर थाना क्षेत्र के माहुरी गांव निवासी करम महतो और कोकिल महतो के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने के बाद बगोदर थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि मृत कोकिल महतो और करम महतो मजदूरी कर अपनी स्कूटी से देर रात लौट रहे थे। तभी माहुरी गांव के बायपास के समीप एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मारी और फरार हो गए। करम महतो की मौत मौके पर हो गई। कोकिल महतो की मौत स्वास्थ केंद्र में पहुंचने के बाद हो गई। जानकारी मिलने के बाद दोनों के परिजन भी स्वास्थ केंद्र पहुंचे। बुधवार की सुबह दोनों का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

## मैथन : स्कूल की छत गिरी, बाल बाल बचीं पढ़ाई कर रहीं 38 छात्राएं

**मरम्मत के लिए कई बार लिख चुके हैं शिक्षा विभाग व डीवीसी को : प्राचार्य**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** मैथन के वरीय बुनियादी विद्यालय की कक्षा 8 में पढ़ रही 38 छात्राएं उस वक्त बाल बाल बच गई, जब बारिश के दौरान क्लास रूम की एस्बेस्टस से बनी छत भर भराकर कर गिर गई। छत गिरते ही छात्राओं में अफरातफरी मच गई। हालांकि सभी बाल बाल बची। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार को बारिश के दौरान दोपहर करीब 12 बजे अचानक पहले से जर्जर क्लासरूम की एस्बेस्टस से बनी छत टूटकर क्लासरूम में ही गिर गई। इसके बाद छात्राएं इधर-उधर भागने लगी। घटना की सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार घांटी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एसके मंडल को दी। उन्होंने बताया कि डीवीसी द्वारा निर्मित इस विद्यालय में कुल 11 क्लासरूम हैं, जो अधिकतर जर्जर अवस्था में हैं। जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत व पुनर्निर्माण को लेकर वे कई बार शिक्षा विभाग, डीवीसी सहित स्थानीय विधायक को लिख चुके हैं, लेकिन कहीं से भी कोई ठोस पहल नहीं की गई है। विद्यालय में नामांकित लगभग 6 सौ छात्र-छात्राएं जर्जर क्लास रूम में पढ़ाने के लिए विवश हैं। किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इस घटना से विद्यालय की छात्राएं डरी सहमी हुई हैं। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एसके मंडल ने कहा कि घटना की जानकारी उन्हें है। सूचना जिला शिक्षा अधिकारी को दे दी गई है। विद्यालय के निर्माण के लिए अनुशंसा की जाएगी।

## पेट्रोल पंप पर बाइक में लगी आग, बड़ा हादसा टला

● **कर्मियों ने पाया काबू, घनी आबादी के बीच चल रहा पेट्रोल पंप**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शहर के हीरापुर स्थित भारत पेट्रोल पंप में कर्मियों की तत्परता के कारण बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। पंप पर पेट्रोल लेने आए कर्मी की बाइक से अचानक चिनगारी निकलने लगी। यह देख वहां मौजूद लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। लेकिन पंप कर्मी ने तत्परता दिखाते हुए फायर इक्यूपमेंट की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। बाइक चालक उदय भट्ट ने बताया कि पेट्रोल लेने के बाद जब गाड़ी चालू कर रहा था, तभी आचानक गाड़ी से आग निकलने लगी। यह सब कुछ पंप कर्मियों की वजह से हुआ। भुक्तभोगी का कहना है कि यहां की महिला स्टॉफ काम के दौरान फोन पर लगी रहती हैं। आज भी जब पेट्रोल लेने यहां आया तो महिला स्टॉफ फोन पर लगी थी, जिस कारण गाड़ी में आग लगी। पंप कर्मी रोशन कुमार ने बताया कि आरोप बेबुनियाद है। जिस लेन में पेट्रोल दिया गया, वहां यह घटना नहीं घटी, बल्कि ग्राहक जब बाइक लेकर दूसरे लेन पर पहुंचा और बाइक स्टार्ट करने की कोशिश की, तब यह हादसा हुआ। तत्काल अग्निशमन उपकरण की मदद से आग बुझा दी गई। इस हादसे के बाद बाइक को सर्विस सेंटर ले जाया गया, जहां उसे धुलवाया गया। ज्ञात हो कि यह पेट्रोल पंप घनी आबादी के बीच में है। बड़े प्रतिष्ठान सहित अपार्टमेंट और कई मकान आसपास मौजूद हैं। यहां किसी प्रकार की चूक होने पर बड़े हादसे का अंदेशा बना रहता है।

## नवजात को लेकर दरवाजा खटखटा रही विवाहित

**बेरमो।** चास थाना क्षेत्र के कुंवर सिंह कॉलोनी एक विवाहिता अपने बच्चे को लेकर खटखटाती रही दरवाजा ससुराल वालों ने नहीं खोला दरवाजाए मामला यह है कि बीटीपीएस की रहने वाली प्रियंका कुमारी की शादी कुंवर सिंह कॉलोनी के बबलू सिंह के साथ 2022 में हुई थी पीड़िता के अनुसार पति ससुर संग सभी परिवार मिलकर प्रताड़ित करते थेए विवाहित ने बताया कि इस लिए जान बचाने को लेकर मै अपने मायके चली गई आज जब अपने मायके कुंवर सिंह कॉलोनी रहने आई तो ससुराल वालों ने दरवाजा नहीं खोला।

# 6454 करोड़ अर्जित कर धनबाद रेल मंडल नंबर वन

**यात्री किराये से मिले 122 करोड़ रुपये, ट्रेनों और प्लेटफार्म पर सुविधाएं बढ़ी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** राजस्व प्राप्ति के मामले में धनबाद रेल मंडल नंबर वन पर अपनी जगह बनाये हुए है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में, अप्रैल से जून तक, रिकॉर्ड 48.71 मिलियन टन लदान किया गया, इसमें औसत 131.38 रेक कोयले का की प्रतिदिन लोडिंग की गई। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के 46.03 मिलियन टन की तुलना में 5.82 प्रतिशत अधिक है। माल ढुलाई से पहली तिमाही में 6454.35 करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है, जो पूरे देश में पहले पायदान पर है। उक्त बातें बुधवार को अपने कान्फ्रेंस हॉल में पत्रकारवार्ता आयोजित कर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कही। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष की सामान अवधि की तुलना में 4.88 प्रतिशत अधिक आय प्राप्त हुई है। पूर्व मध्य रेल 2024-25 की प्रथम तिमाही में 51.61 मिलियन टन माल लदान कर क्षेत्रीय रेलों में चौथे स्थान पर रहा। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में गेहूं की 37 रेक और मक्के की 317 रेक लोड की गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 109% अधिक है। इसके अलावा पहली तिमाही में 70.64 रेल यात्रियों से 122 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है।

**वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5.89 प्रतिशत बढ़ोतरी**

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 5.89 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ट्रेनों और प्लेटफार्म पर अत्याधुनिक सुविधाओं की बढ़ोतरी हुई है। ट्रैक मेंटनेंस का काम तेजी से पूरा करने के लिए अब रेल ग्रीडिंग मशीन का उपायेग हो रहा है। ट्रैक की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पटरियों के दोनों ओर बाउण्ड्री वाल से घेराबंदी की जा रही है, ताकि ट्रैक पर जानवरों या अन्य लोगों की आवाजाही रोकी जा सके तथा ट्रेनों की गति बढ़े। साथ ही जहां यह व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है, इसके लिए लोगों को नुक्कड़ नाटक और जागरुकता अभियान के जरिये जागरूक करने का काम कर रहे हैं। मौके पर एडीआरएम सहित रेल मंडल के अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने नगर निगम में दिया धरना

## समस्याएं गिनाई, मांगें पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

**व्याप्त समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी ने नगर निगम में किया धरना**



**खबर मन्त्र सवाददाता**

**धनबाद।** शहरी क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर बुधवार को नगर निगम कार्यालय के समक्ष आजसू के प्रतिनिधियों ने धरना दिया। पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड राज्य का गठन किया गया था, वह आज भी अधूरा है। राज्य के अधिकारी, मंत्री यहां तक की मुख्यमंत्री भी लूट में शामिल हैं। जनता का कोई काम ढंग से नहीं हो रहा है। इसीलिए केंद्रीय नेतृत्व के आदेश पर राज्य के सभी प्रखंडों और नगर निगम मुख्यालय पर धरना दे रहे हैं।

नगर निगम के अधिकारी से कर्मचारी तक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। अलग अलग टैक्स देने के बाद भी लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बरसात आ चुकी है, लेकिन शहर के कई इलाकों में जल जमाव की समस्या बनी हुई है। नाली की सफाई नहीं हुई है। स्ट्रीट लाइट ठूठ की तरह सड़क किनारे खड़ी है। मेंटनेंस का काम नहीं हो रहा है। लोगों को रात में अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड में पानी की पाइप तो बिछा दी गई है, लेकिन उसमें पानी नही आ रहा है। फॉगिंग का काम कई सालों से बंद है। सांड़ के हमले से आए दिन लोग मर रहे हैं। लेकिन उसकी रोकथाम के लिए निगम में आज तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

उनकी मांगों में खराब चापानल की जल्द मरम्मत, झारखंड मोड़ से इकरा महतो बस्ती मनसा मंदिर तक पीसीसी सड़क का निर्माण, वार्ड नंबर 8 के लोहाबाद पांच नंबर स्थित पार्क की बाउंड्री वॉल सहित सौंदर्यीकरण, इद्रपुरी में अवधेश सिंह पुलिस अध्यक्ष के घर के आगे से सावित्री देवी के घर तक 600 फीट सड़क निर्माण आदि शामिल हैं। मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आजसू के महानगर महासचिव दिलीप सिंह कार्यकर्ता शामिल थे।

# निजी जमीन पर सड़क निर्माण कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश, रोका काम

## भुक्तभोगी ने दिखाये कागजात, शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं

**खबर मन्त्र सवाददाता**

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के नेरो पंचायत में बुधवार को निजी जमीन पर सड़क निर्माण का विरोध ग्रामीणों ने किया और निर्माण कार्य रोक दिया। ब्राह्मणडीहा पंचायत के कोटालअड्डा से नेरो पंचायत के खुरडीह गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है सरकारी जमीन को छोड़ कर ठेकेदार निजी जमीन पर सड़क बना रहा है। ग्रामीण बहादुर राय ने बताया कि धनबाद उपायुक्त, तोपचांची अंचलाधिकारी, पुलिस व अन्य विभागों से लिखित शिकायत की है।

बावजूद ठेकेदार जबरदस्ती निर्माण करने की धमकी दे रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन पर कई वर्ष पहले सड़क निर्माण कर दिया गया। उस समय उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन अब उस जमीन का मालिकाना हक हमारे पास है। बिना मुआवजा दिये गैरकानूनी तरीके से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार व उनके लोगों को सरकारी जमीन पर सड़क निर्माण कार्य करने को कहा। परन्तु ठेकेदार जबरदस्ती कर रहा है। उन्होंने कहा कि मापी के बाद पता चला कि जमीन उनकी है। सारे कागजात उनके पास हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। भुक्तभोगी ने न्याय की गुहार लगाई है।



भुक्तभोगी बहादुर राय

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के अध्यक्ष बने ब्रजेश, सचिव मुन्ना

**कतरास।** राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की महामंत्री आसनी सिंह के निर्देशानुसार संघ के संगठन सचिव आशीष भानु सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में से बरोरा क्षेत्र संख्या एक की क्षेत्रीय कमेटी के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। अध्यक्ष बृजेश कुमार, सचिव मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष मदन सिंह, सुबोध कुमार महतो, अरमान रेन, संगठन सचिव काशीनाथ दास संगठन सचिव, काली चरण महतो, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, जबकि कार्यकारिणी सदस्य कमलेश चौहान, जगत महतो, तपन चौधरी, रघू रवानी, मंदीप कुमार, नुनु लाल मांझी, अनिल सिंह अभिजीत महतो मनोनीत किये गए।

### बिस्कुट व रिफाइन तेल लदे दो ट्रक जब्त

**कतरास।** सेल टैक्स विभाग के अधिकारियों ने कतरास के काको मोड़ के समीप बिस्कुट व फॉरच्यून रिफाइन तेल लदे दो ट्रकों को पकड़ा। टीम ने राहुल चौक पर लौह सामग्री लदे एक पिकअप वाहन को भी पकड़ा। चालकों द्वारा जीएसटी बिल नहीं दिखाने पर टीम तीनों वाहनों को कतरास अंचल कार्यालय ले गई। सेल टैक्स के डिप्टी कमिश्नर रामप्रवेश प्रसाद ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान तीनों गाड़ियों को पकड़ा गया है। जब्ती के बाद बिस्कुट लदे ट्रक में जीएसटी पेपर सही पाए जाने पर उसे छोड़ दिया गया, जबकि लोहा लदे पिकअप को फाइन लेकर छोड़ा गया।

### राजद का 28 वां स्थापना दिवस कल

**सिंदरी ।** सिंदरी स्थित राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में शुक्रवार को राजद का 28 वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने बुधवार को कार्यालय में दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। समारोह को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि पार्टी की स्थापना 1997 में जगदानंद सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने की थी। यह गरीब और दलितों की पार्टी है और इसकी स्थापना उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने कई उतार चढ़ाव देखे हैं और इसको संवारने का श्रेय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को जाता है। उनकी बीमारी के समय में उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्रों ने पार्टी की कमान संभाली थी।

### खतियानी संघर्ष समिति ने बनाई नियमावली

**तोपचांची।** झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो ने विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन के लिए नियमावली तैयार की है। नियमावली के अनुसार प्रत्याशी में योग्यता के आधार पर कुछ अंक निर्धारित किया गया है। निर्धारित अंकों में सबसे अधिक व संसदीय बोर्ड के निर्णय के बाद उक्त उमीदवार को विधानसभा चुनाव का प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। नियमावली के अनुसार स्नातक 10 अंक , अतिरिक्त योग्यता 5 अंक , संगठन के लिए कार्य 10 अंक , आन्दोलन में भागीदारी 10 अंक, आन्दोलन में नेतृत्व 15 अंक , जनता का फीडबैक 20 अंक , संगठन का फीडबैक 10 अंक , राजनीतिक समझ व अनुभव 5 अंक , विशेष उपलब्धि 5 अंक, साक्षात्कार 10 अंक हैं। कुल 100 अंक निर्धारित किया गया है।

### स्वास्थ्य शिविर में 51 ग्रामीणों की हुई जांच

**बेरमो/जारंगडीह।** बुधवार को कथारा क्षेत्र के जरंगडीह डिस्पेंसरी में एक मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रवण तंत्रिका क्षति और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का विश्लेषण कर प्रभावित व्यक्तियों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।

# सशिवि मंदिर में हुई कई प्रतियोगिताएं



**खबर मन्त्र सवाददाता**

**कतरास।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में 1 जुलाई से संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया है। पूरे सप्ताह संस्कृत विषय से जुड़ी लघुकथा, निबंध, संस्कृत वंदना, गीतासार, धातु रूप एवं शब्द रूप,प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के बीच इन सभी प्रतियोगिताओं के प्रति उत्साह देखा गया।

प्रतियोगिताओं में अव्वल छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

प्राचार्य संतोष कुमार झा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से उनके अंदर संस्कृत विषय के प्रति जागरुकता आएगी।

विद्या भारती के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है।

मौके पर कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय के प्राचार्य व संस्कृत विषय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा रखी गई।

# आम आदमी पार्टी का 22 से जल सत्याग्रह



**जोड़ापोखर।** आम आदमी पार्टी की बैठक बुधवार को डिगवाडीह बूढ़ीबांध बस्ती में हुई। बैठक में बीसीसीएल द्वारा दिए जा रहे पिट वाटर (खदान का पानी) बंद करने का विरोध किया गया। बैठक में बंद पाइपों को पुनः चालू कराने की मांग को लेकर बीसीसीएल लोदना एरिया 10 गेट के बाहर 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह आंदोलन का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला महासचिव मदन राम ने की। बैठक में मनोज तिवारी, अनवर अंसारी, सादरे आलम ,साहब शेख ,डब्लू अंसारी, सरफराज अहमद, राजू हरि, मोहम्मद अंसारी, खलील सेख, बादशाह शेख, बाबू लाल यादव, रामकुमार बाउरी, करण बाउरी, शुभमकर रॉय, प्रेम बाउरी ,रवि राम, शकीला बानो, आसमा खातून, शाहिदा खातून, रशीद अंसारी, मुकेश कुमार बावरी ,नज्मू निषा, मोइन अंसारी, विनोद बाउरी, जावेद अंसारी, सुभाष बाउरी, सलीम अंसारी, आशा देवी, पाकीजा खातून, सूरज यादव आदि मौजूद थे।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स संगठन के विस्तार पर चर्चा

**कतरास ।** नावागढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी की बैठक सिनेमा हॉल के समीप संजय किताब घर के परिसर में हुई। बैठक में संगठन के विस्तारीकरण पर चर्चा की गई। बैठक में नावागढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मनोज कुमार रवानी, सचिव संजय दुबे, कोषाध्यक्ष निलेश कुमार, डब्लु तिवारी, तनवीर हैदर, अरविन्द गुप्ता, सपन सोनार, बिट्टु कुमार, सचीन मोदक , बिनोद कुमार रवानी, बिनु श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव, देवनाथ रवानी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, रवि गुप्ता एवं दुकानदार मौजूद थे।

## एक नजर में

### निवर्तमान पार्षद ने की प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील,कपड़े की थैले का किया वितरण



**कतरास।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री दिवस के अवसर पर धनबाद नगर निगम कतरास अंचल वार्ड संख्या 3 के निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता ने आम लोगों के बीच कपड़े की थैली का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के प्रयोग से प्रकृति को काफी नुकसान हो रहा है। जानवर व समुद्री जीव की जान को भी खतरा है। प्लास्टिक जलाने से वायुमंडल दूषित हो रहा है। उन्होंने लोगो से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की।

### बूथों की जगह परिवर्तन को लेकर बैठक

**कतरास।** झारखंड प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए बूथ परिवर्तन के लिए बाघमारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को डीआरडीए राजीव रंजन की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। प्रतिनिधियों के प्रस्ताव के आधार पर कई मतदान केंद्रों की शिफ्टिंग को लेकर विचार विमर्श किया गया। बीडीओ सुषमा आनंद, सीओ रविभूषण प्रसाद ने 22 मतदान केंद्रों को दूसरे भवन व केंद्र में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जर्जर स्कूल के मतदान केंद्र एवं समुदायिक भवन के स्थानों को बदलने की समीक्षा की गई। बूथ संख्या 58, 59 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिनिडीह को परिवर्तित कर आंगनबाड़ी केंद्र सिनीडीह में शिफ्ट किया गया। बीजेपी के बच्चू कुमार राय, जदयू के गोपाल चंद्र गोप, गौतम गोप, झामुमो नेता रंजीत महतो समेत अन्य प्रतिनिधि बैठक में मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, एक रेफर

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर साहेबगंज हाइवे पर मालवा गांव के समीप बुधवार सुबह करीब 11 बजे सड़क दुर्घटना में 2 युवक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनखंजो निवासी 35 वर्षीय संदीप किस्कू और 24 वर्षीय बासुदेव किस्कू बाइक पर सवार होकर चैनपुर बाजार जा रहे थे। तभी मालावा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने धक्का मारा और भाग गया। दोनों घायल युवकों का इलाज सीएचसी नारायणपुर में हुआ। बाद में संदीप किस्कू को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया।

### भाजपा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन



**सिंदरी ।** संसद में राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसक बताने के बयान पर भाजपा सिंदरी नगर कमेटी ने बुधवार को सूर्यदेव सिंह चौक पर उनका पुतला दहन किया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने बताया कि राहुल गांधी ने भगवान शिव का फोटो दिखाते हुए हिंदू समाज को हिंसक बताया है। संसद भवन में इस प्रकार की ओछी हरकत शर्मनाक है। वह हिंदुओं के प्रति अपनी कुंठा जाहिर कर रहे हैं। इसका विरोध करते हुए हिंदू समाज की ओर से भाजपा ने पुतला दहन किया है। पुतला दहन में प्रदेश आइटी सेल संयोजक अमर झा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, दिनेश सिंह, विजय सिंह, अरविंद खत्री, सुरेश सिंह, बृजेश सिंह, राकेश तिवारी, संजय सिंह, अजय सिंह, इंद्रमोहन सिंह, राघव तिवारी, रासबिहारी पाठक, राजेश चौधरी सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

### विस्फोटक पदार्थ के साथ एक को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह।** खुखरा थाना पुलिस ने अवैध विस्फोटक के साथ एक आरोपी सिराजुद्दीन अंसारी उर्फ सिराज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस आरोपी के तूइयो गांव के घर के पीछे से बड़े पैमाने पर विस्फोटक पदार्थ भी जब्त किया है। पुलिस ने एक स्विच बाक्स, 66 पिस विस्फोटक पदार्थ के साथ 70 मीटर कोटक वायर, 6 पिस डेटोनेटर, लकड़ी में पैक किया लोहे का वायर और एक नोट बुक भी बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर खुखरा थाना प्रभारी ने जब सिराज के घर में छापेमारी की, उससे पहले ही विस्फोटक पदार्थ पहुंचाने वाले जा चुके थे।

# लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले रोजगार सेवक पर होगी कार्रवाई: डीडीसी



**धनबाद।** चल रही योजनाओं को लेकर बुधवार को डीडीसी सादात अनवर ने धनबाद प्रखंड एवं अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने बलियापुर प्रखंड में बैठक की। अबुआ आवास, पेंशन, जाति-आय प्रमाण पत्र, मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान विकास योजना, मानव दिवस सृजन सहित 2020-21 की लंबित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बीडीओ, सीओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम रोजगार सेवकों को निर्देश दिया गया कि जिला स्तर से प्राप्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बरसात में चलने वाली योजनाओं का चयन करें। जिस पंचायत की उपलब्धि लक्ष्य के अनुकूल नहीं पाई जाएगी, उससे संबंधित रोजगार सेवक पर कार्रवाई की जाएगी। अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा में सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि द्वितीय किस्त के भुगतान में प्रक्रिया का पालन करें।

### आजसू पार्टी की बैठक में अमरदीप महतो केंद्रीय सचिव मनोनीत

**कतरास।** निचितपुर गेस्ट हाउस में बुधवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष मंटू महतो मौजूद थे। बैठक में समिति का गठन किया गया, जिसमें कतरास निचितपुर निवासी अमरदीप महतो को संगठन का केंद्रीय सचिव मनोनीत किया गया। इसके अलावा सतीश महतो जिला उपाध्यक्ष, अमित दुबे जिला कार्यकारिणी सदस्य, अरुण महतो जिला संगठन सचिव, सुमंत कुमार महतो संगठन सचिव, विक्की कुमार प्रमाणिक प्रखंड उपाध्यक्ष, उत्तम बाउरी सहसचिव, विजय कुमार दास सह सचिव मनोनीत किये गए। बैठक में धनबाद जिला महासचिव रमाशंकर तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष राकेश गयाली कतरास मंडल अध्यक्ष नवदीप गुप्ता, पप्पू प्रमाणिक, राहुल बाउरी, अमित बाउरी आदि मौजूद थे।

# जीटा नेता ने की सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की मांग



**धनबाद ।** एमएसएमई के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए झारखंड इंस्ट्रीज एण्ड ट्रेड एसोसिएशन (जीटा) के महासचिव राजीव शर्मा ने बुधवार को उद्योग मंत्रालय के सचिव को ज्ञापन दिया, जिसमें उन्होंने कहा है कि झारखंड एमएसएमई प्रमोशन पॉलिसी 2023 लागू है, लेकिन इसके माध्यम से ना तो उत्पादन तिथि हेतु आवेदन करने की सुविधा है और न ही सब्सिडी आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध है। इससे औद्योगिक कार्य प्रभावित हो रहा है। नये उद्योग नहीं खुल पा रहे हैं।

तमाम परेशानियों के समाधान के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था जल्द शुरू करने की मांग की गई है। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार एवं स्थानीय अद्योगिक संगठनों से समन्वय कर इसे लागू करने की मांग की है। इसके प्रचार प्रसार पर भी जोर देने की बात कही गई है। इस प्रयास से नये उद्योग खोलने में आसानी होगी तथा स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

# झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

## 24 घंटे में 31 मिमी रिकॉर्ड बारिश से मौसम हुआ सुहाना, किसानों ने शुरू की बिचड़े की बुआई



**खबर मन्त्र सवाददाता**

**जामताड़ा।** प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के इलाके में मंगलवार की रात जमकर बारिश हुई। बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी देखी गई। बुधवार को भी सुबह से 11 बजे तक बारिश हुई। बता दें कि झारखंड में मानसून का प्रवेश 10 दिन पहले हो गया था, लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। किसानों को बिचड़ा खराब होने की चिंता सता रही थी। अब किसानों ने राहत की सांस ली है।

हालांकि अब भी पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। मिट्टी में नमी आ गयी है, जिससे अब धान के बीज को अंकुरित होने में मदद मिलेगी। प्रखंड भर में 12 हजार 500 हेक्टेयर भूमि में धान का आच्छादन होता है। प्रखंड अंतर्गत पाण्डेडीह के किसान अशोक ओझा ने बताया कि आद्रा नक्षत्र में अमूमन अच्छी बारिश होती है और धान का बिचड़ा तैयार हो जाता है। लेकिन इस बार आद्रा नक्षत्र आधा बीत जाने के बाद बारिश शुरू हुई है। हालांकि ज्यादा देर नहीं हुई है। लेकिन अब लम्बी अवधि वाले धान लगाने से नुकसान हो सकता है। बताया कि ज्यादातर खेतों में किसान कम अवधि (110 से 115) में होने वाले धान की फसल लगा रहे हैं, ताकि समय पर रबी फसल भी लगाई जा सके। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बुधवार को 25.5 मिमी और मंगलवार को 5.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। आने वाले 5 दिनों तक जामताड़ा समेत आसपास के इलाके में बारिश की सम्भावना बनी है। धान की फसल तैयार करने वाले किसानों को इस बारिश से लाभ होगा।

## स्पीड न्यूज

### अग्रसेन स्कूल में कोडिंग पर कार्यशाला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल में बुधवार को कोडिंग एंड बेयोंड विषय पर कार्यशाला हुआ। इसका उद्घाटन प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक (अकादमिक) एसके चौधरी एवं गुगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब की एक्सपर्ट याशिता ने संयुक्त रूप से किया। याशिता ने छात्रों को कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों एवं कोडिंग के महत्व से परिचित कराया। छात्रों को कोडिंग के मूल सिद्धांतों के साथ-साथ कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, वेब डेवलपमेंट, गेमिंग और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।याशिता ने कहा कि हमें आधुनिक समय में खुद को तकनीकी ज्ञान और कौशल से अपडेट करने की जरूरत है। भविष्य तकनीक का है। कोडिंग का क्षेत्र करियर के रूप में तेजी से उभर रहा है।

### श्रमिक संघ के सचिव बने गोस्वामी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा के अनुशंसा पर बरका-सयाल क्षेत्र के फाइनेंस में एलडीसी के पद पर कार्यरत लक्ष्मण कुमार गोस्वामी को जीएम यूनिट शाखा का सह सचिव बनाया गया है। महासचिव के अनुशंसा पर बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजय कुमार मिश्रा ने लक्ष्मण कुमार गोस्वामी को जीएम यूनिट शाखा का सह सचिव मनोनित करते हुए आशा व्यक्त की कि सौंपे गये दायित्वों का ये ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करेंगे। बरका-सयाल के महाप्रबंधक को लिखित सूचना दी गई। मौके पर महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा इनके जुड़ने से फाइनेंस ऑफिस में मजबूती मिलेगी। मौके पर क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, वेलफेयर सदस्य कमलेश कुमार, सह सचिव सन्नी कुमार, बिनोद सिंह, लखी उरांव आदि मौजूद थे।

### शशांक कुमार को मिला डान ग्रेड



रामगढ़। शोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ रामगढ़ शाखा के शशांक कुमार ने पिछले दिनों रांची में आयोजित ब्लैक बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट में भाग लेकर ब्लैक बेल्ट प्रथम डान ग्रेड प्राप्त किया। ब्लैक बेल्ट ग्रेडेशन में पूरे झारखंड से 20 कराटेकारों ने भाग लिया । ग्रेडेशन टेस्ट में शोतोकान कराते डू फ्रेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक हेन्सी मानस सिन्हा द्वारा किहोन, काता, इपोन कुमेंते, जियो इपोन कुमीते, किमी वाजा, किक ऑन स्पॉट एवं कुमिते का कड़ा टेस्ट लिया गया। कराटेकारों की उपलब्धि पर कराटे प्रशिक्षक सुमित कुमार, संजय सोनकर, राहुल पांडेय, विनय रंजन, चंदन साहनी, शेखर कुमार, कमल नायक आदि ने बधाई दी है।

### विहिप ने राहुल का फूंका पुतला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार देर शाम बिरसा चौक भुरकुंडा में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया। हिन्दू संगठन के लोगों ने कहा गया कि लोकसभा में राहुल गांधी कहते हैं कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं वे हिंसक होते हैं। वे सिर्फ हिंसा, नफरत और असत्य बात करते हैं। राहुल गांधी का यह बयान घोर निंदनीय है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि हिंदू को हिंसक कहनेवाले बयान पर राहुल गांधी को देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन में सतीष मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, विश्वरंजन सिन्हा, निर्मल कुमार, देवानंद महतो, अभिषेक पटेल, अजय साव, बिहारी मांझी, बुधन गोस्वामी, नंदकिशोर राय, देव गुप्ता, सूरज, सोनू सहित कई मौजूद रहे।

### जमस के शाखा अध्यक्ष बने श्रवण



**कुजू।** जनता मजदूर संघ (जमस)के केंद्रीय महामंत्री सह जेबीसीसीआई मेंबर सिद्धार्थ गौतम ने सीसीएल कुजू क्षेत्र के सारुबेड़ा शाखा अध्यक्ष के रूप में श्रवण करमाली का चयन किया। श्रवण करमाली इससे पूर्व सारुबेड़ा के आरसीएमयू अध्यक्ष थे। केंद्रीय महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने केंद्रीय कार्यालय धनबाद में मिलन समारोह में शाखा अध्यक्ष श्रवण करमाली को फूल माला पहना कर जनता मजदूर संघ का सदस्यता दिलाई। वही अपने मनोनयन पर श्रवण करमाली ने कहा कि संघ के नीति व सिद्धान्तों से प्रभावित होकर शामिल हुआ हूं। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने कहा कि श्रवण करमाली के अध्यक्ष बनने से जनता मजदूर संघ सारुबेडा परियोजना संगठन काफी मजबूत होगा। मजदूरों के समस्याओं उसके निदान के लिए संघ के द्वारा संघर्ष किया जाएगा।

### राजद का स्थापना दिवस कल

कुजू। राजद का 28 वां स्थापना दिवस रांची रोड स्थित पंचवटी होटल में 5 जुलाई को मनाया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष मो गुलजार ने दी। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस समारोह में रामगढ़ जिला के जिला कमेटी के पदाधिकारीगण व सदस्य , सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी गण व सदस्य एवं जिला भर के सभी पंचायत की पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे।

### मतदाता सूची को लेकर सेमिनार



**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के आदेशानुसार मतदाता सूची का द्वितीय विशेष पुनरीक्षण को लेकर एक दिवसीय सेमिनार हुआ। शिवनाथ कुमार तथा विशाल कुमार दूबे एवं मातृसंस्था जन अकांक्षा महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, संजय कुमार प्रभाकर तथा महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सोसाइटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सम्मानित सदस्य मनीष कुमार उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया सदर अंचल और प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

# पंजियों के अद्यतन न होने पर जतायी नाराजगी, सुधार लाने की दी चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने बुधवार को सदर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से आए पत्रों के कंप्लायंस,कैशबुक, आवंटन पंजी एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक,सीएल पंजी, जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों के अद्यतन न होने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई एवं इसपर नाजिर एवं प्रधान लिपिक पर शो कॉज करते हुए अन्य को कार्यप्रणाली व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त चेतावनी दी। प्रखंड कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक,सैरात पंजी एवं बंदोबस्त पंजी की अद्यतन स्थिति आदि की जांच उपायुक्त द्वारा की गई। उपायुक्त कार्यालय से आए पत्रों के कंप्लायंस की जानकारी लेने के साथ-साथ उपायुक्त ने कर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थित सीओ और बीडीओ से कार्यालय में कर्मियों की वर्तमान संख्या की जानकारी ली। इस पर सीओ ने उपायुक्त को बताया वर्तमान में 8 राजस्व कर्मचारी, पांच लिपिक,5 कंप्यूटर ऑपरेटर तथा 3 अनुसेवक वर्तमान में कार्यरत है, बावजूद इसके कार्यों में लापरवाही पर उपायुक्त ने इसे अत्यंत खेदजनक बताया। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि अंचल व प्रखंड में लंबे समय से कार्यरत कर्मियों की बहुत शिकायत प्राप्त हो रही हैं जल्द ही वैसे कर्मियों का हस्तानांतरण किया जायेगा। उपायुक्त ने सीओ एवं बीडीओ को कर्मियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करने एवं क्षेत्र भ्रमण कर तत्संबंधी कार्यों की रिर्पोट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया*।इस दौरान अंचल अधिकारी मयंक भूषण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागीय पदाधिकारी, कर्मी,अभियंता,पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी, ग्राम रोजगार सेवक मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक

**मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों से की चर्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले विभिन्न कार्यों, विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन आदि को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सभी राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई कि वैसे मतदान केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता है उन मतदान केन्द्रों को दो भागों में विभाजित किया जाएगा साथ ही जर्जर हुए मतदान केन्द्रों को परिवर्तन किया जाएगा । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के साथ मतदान केंद्रों भवन को परिवर्तित करने संबंधित मामलों में चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर,भारतीय जनता पार्टी से रंजन फौजी, जेएमएम से अरुण बैनर्जी, कांग्रेस से शहजाद खान, राजद से मो गुलजार, आजसू से अनुज तिवारी, आप से दशरथ सिंह अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### शनिचरा बाजार का सौंदर्यीकरण और सदर अस्पताल में पार्किंग की व्यवस्था जल्द करें : उपायुक्त

**रामगढ़।** छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभाकक्ष में नगर परिषद रामगढ़ एवं छावनी परिषद रामगढ़ द्वारा संचालित योजनाओं की उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार ने पीपीटी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 में किए गए कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही 2023- 24 में किए जा रहें कार्यों के भी संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उपायुक्त ने पेयजल आपूर्ति को लेकर किया जा रहे कार्यों के संबंध में कार्यपालक दंडाधिकारी व अन्य पदाधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया । साथ ही उन्होंने शनिचरा बाजार रामगढ़ का सौंदर्यीकरण, सदर अस्पताल में पार्किंग की व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने चौक चौराहों पर नए होर्डिंग को लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के सड़कों पर घूम रहे मवेशियों के लिए कृषि पाठशाला क्षेत्र में कांजी हाउस का निर्माण करने का निर्देश दिया । जो जिले के मुख्य मार्ग पर घूमते रहते हैं और आवागमन को बाधित करते हैं उन सभी मवेशियों को कांजी हाउस में रखने का निर्देश दिया गया।

### सभी सरकारी कार्यालयों में चरम पर है भ्रष्टाचार : आजसू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। हल्ला बोल पार्टी के पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय से प्रखंड सह अंचल कार्यालय पतरातू पहुंचा। केंद्रीय महासचिव विजय साहू ने कहा कि राज्य में भूखमरी, बेरोजगारी, तंगहाली बढ़ी है। राज्य के युवाओं-विस्थापितों के साथ राज्य सरकार ने छल किया है। प्रदेश में विधि-व्यवस्था चरमराई हुई है। अपराध का ग्राम बढ़ा है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि जनता को अपने हक के काम के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। युवाओं को समय पर जाती/आवासीय प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं हो रहा। जमीन के दाखिल-खारिज के हजारों आवेदन लंबित है। अबुआ आवास योजना भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। मनरेगा का भुगतान समय पर नहीं हो रहा। किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध नहीं हो रहा। केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा ने कहा कि बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

### बरही में पशुपालन विभाग का भवन पूरी तरह जर्जर, कभी भी ढह सकता है छत



**बरही।** पशुपालन विभाग का कार्यालय राम भरोसे चल रहा है। कई दशकों पूर्व बना यह पशुपालन विभाग का भवन अब पूरी तरह से जर्जर हो चला है, धीरे धीरे कर भवन के छत का एक लेयर पूरी तरह से गिर गया है, जिससे छत में लगा सारा छड़ दिखने लगा है। रख-रखाव के अभाव में अब छत में लगा लोहा भी पूरी तरह से जंग खाकर कमजोर हो गया है। आलम यह है कि थोड़ा सा भी बारिश होने पर कार्यालय पूर्ण रूप से जलमग्न हो जाता है। भवन के सारे दरवाजे उखड़ गए है, किसी में दरवाजा लगा भी है तो वह ताला लॉक होने की स्थिति में नहीं है। सभी खिड़कियां उखड़ चुकी है, जिसके परिणाम स्वरूप कार्यालय में पड़े कई यंत्र जो पशुओं के उपचार के लिए रखे थे, चोरी हो चुका है। विभाग के एक कर्मी ने बताया कि सभी विभाग के कार्यालय आज नए एवं चमकदार बन गए है, आखिर पशुपालन विभाग से स्थानीय एवं जिला प्रशासन की क्या नाराजगी है जो हमे इतने जर्जर भवन में रहने एवं कार्य करने को छोड़ दिया गया है। जिसमें कभी भी जान जा सकती है और हम सभी हमेशा भवन के गिरने के डर से भयभीत रहते है।

### बरही अनुमंडलअस्पताल में 55 टीबी मरीजों को मिला राशन



**बरही।** बुधवार को अनुमंडलय अस्पताल में 55 टीबी मरीजों के बीच राशन का वितरण किया गया। निक्षय मित्र एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने टीबी मरीजों के बीच राशन वितरित किया। उन्होंने कहा कि निःसहाय, वृद्ध और मरीजों की सेवा ही सच्चा धर्म है, इससे उन्हें आत्मीय संतुष्टि मिलती है। डॉ ज्ञानी ने बताया कि 2025 तक भारत को कुष्ठ मुक्त बनाने का लक्ष्य है। पीएम मोदी ने टीबी मरीजों को राशन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से निक्षय मित्र योजना चलाई है, जिसके तहत कोई भी इच्छुक व्यक्ति स्वेच्छानुसार टीबी मरीजों के लिए राशन व्यवस्था कर सकता है। इसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुल 102 टीबी मरीजों का ईलाज चल रहा है। बीते माह 18 मरीज पूर्ण रूपेण स्वस्थ्य हुए हैं। टीबी उन्मूलन को लेकर लगातार ग्रामस्तरीय जांच शिविर लगाए जा रहे हैं।

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने मनाया डॉक्टर्स डे

- कठिन परिस्थितियों में दायित्व को निभाते हैं डॉक्टर : वर्णवाल
- भुरकुंडा व गिद्दी अस्पताल के डॉक्टर हुये सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर सोमवार देर शाम आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल में भुरकुंडा और गिद्दी अस्पताल डॉक्टरों को सम्मानित किया। क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजु देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने डॉक्टरों का स्वागत किया। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के पदाधिकारियों ने सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा के डॉ सुनील कुमार और गिद्दी अस्पताल के डॉ जेड आई खान को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा कि डॉक्टर कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्व को बेहतरीन जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। डॉक्टरों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब स्वास्थ के क्षेत्र में डॉक्टरों के साथ कदम से कदम मिलाकर सेवाभाव से क्षेत्र में स्वास्थ्य के लिए काम करेगा। सचिव अंजु देवी व कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि डॉक्टरों का कर्तव्य निष्ठा और सेवा भावना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि क्लब अपना सामाजिक दायित्व ईमानदारी पर्वक निभाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के लायन अशोक सिन्हा, एमजेएफ जेडसी राजेन्द्र महतो, अखिलेश शर्मा, माला शर्मा, विजयंत कुमार, विजय वर्णवाल, एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, संजय सिंह, वीणा देवी, विमल राय, रमेश, मुमताज, संजय, विनय चन्द्र तिवारी सहित भुरकुंडा अस्पताल के ए शरण, योगेन्द्र बड़ाईक फारूक रजा का सहयोग योगदान रहा।

## एक नजर में

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सुनीं समस्याएं




**कटकमसांडी।** लुपुंग पंचायत में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने बुधवार को सघन दौरा किया। ग्रामीणों से मिलकर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन एवं विधवा पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सुनी।बरगड्डा पंचायत स्थित सारूगारू कला में केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समास्याओं पर आवेदन लिया। जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। अन्य मुलभूत समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर विशेष रूप से सत्यभामा, रानी शुक्ला, किशोरी राणा, विजय राणा, वजीर मेहता, सुदर्शन देव सिंह उर्फ पिंटू, बदलुआ देवी, बिंदु देवी, संजू देवी, मंजू देवी, खुशबू देवी, जयंती देवी, सरिता देवी, उमा देवी, खगिया देवी, खुशबू देवी, विजुल देवी, इंद्रदेव राय, मिथिलेश कुमार सिंह, बैजनाथ राणा, घनश्याम यादव, सतीश कुमार पांडे एवं टहल साव सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

### साइबर ठगी का शिकार हुआ रामेश्वर भुइंया



**टाटीझरिया।** मंगलवार को झरपो निवासी रामेश्वर भुइयां भी अबुवा आवास के नाम पर साइबर ठगों का शिकार हो गया है। रामेश्वर भुइयां मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रामेश्वर के नाम से अबुवा आवास स्वीकृत हुआ है। करीब पहला किस्त 30,000 हजार रुपये अकाउंट में भी आया है । काम नहीं करने के कारण खाता को होल्ड किया गया है। इसी बीच साइबर ठगी का मंगलवार को फोन आया कि मैं हजारीबाग जिला से अबुवा आवास अधिकारी बोल रहें हैं आप अपना अकाउंट और आधार नंबर भेजिए तब जाकर आपका आवास का दूसरी किस्त चला जायेगा साथ में तुरंत 5000 रुपया आज भेजिए फिर कल भेजना देना नही तो कोई रकम नहीं जायेगा आवास के नाम पर तुरंत 2650 रुपया कर्जा लिया और 8175023489 फोन पे में डाल दिया जब इसे पता चला कि 2650 रुपया आपके साथ ठगी हुआ है।

### बीएसएफ मेरू कैंप में वार्ब की बैठक संपन्न



**दारू।** केन्द्रीय पुलिस बलों के पेन्शनभोगी सेवानिवृत कार्मिकों और उनके आश्रितों के पुर्नवास एवं कल्याण हेतु तथा पेन्शन व सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़ी समस्याओं के निवारण हेतु वार्ब का गठन किया गया है। हर तिमाही में होने वाली वार्ब की बैठक में सेवानिवृत्त कार्मिकों व उनके आश्रितों की पेन्शन व रिटायरमेन्ट लाभ में उत्पन्न हुई विसंगतियों का निवारण किया जाता है। सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू परिसर स्थित परिवार कल्याण केन्द्र में केएस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को झारखंड में रहने वाले सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त कार्मिकों व उनके आश्रितों के लिए तिमाही वार्ब मीटिंग का आयोजन किया गया। उपस्थित सेवानिवृत्त साथियों के पेंशन व रिटायरमेन्ट लाभों में उत्पन्न विसंगतियों के लिए एक ही पटल पर सुनवाई व समस्याओं का निवारण किया गया। बैठक के दौरान राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक (प्रशासन), कैंप के सक्षम अधिकारी, अनुभवी लेखा अधिकारी, अनुसचिवीय स्टाफ और अन्य सम्बंधित विभागों के प्रभारी, सेवानिवृत कार्मिकों एवं आश्रितों की समस्याओं के निवारण के लिए उपस्थित थे।

### बरही पुलिस लगातार कर रही वाहन चेकिंग

बरही। एसपी हजारीबाग के निर्देश पर बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में सात दिनों से लगातार थाना गेट के सामने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सांतवे दिन बगैर कागजात व बिना हेलमेट के कारण 16 वाहनों को जब्त किया गया और चालान काटा गया। चेकिंग अभियान से बिना हेलमेट और बिना कागजात के चलने वाले बाइक सवारों में हड़कंप मचा हुआ है। कई बाइक चालक तो दूर से ही चेकिंग देखकर बाइक घुमाकर रफूचक्कर हो जा रहे है। पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने, बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलाएं, नहीं तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने कहा कि लोगों में जनजागरुकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि शत प्रतिशत लोग हेलमेट अवश्य पहने। हेलमेट पहनकर न सिर्फ अपना बल्कि उनसे जुड़े एक पूरे परिवार की जान बचती है। इंस्पेक्टर ने अभिभावकों से भी अपील किया कि वह छोटे छोटे बच्चों व नाबालिक युवकों को बाइक न सौपें। वाहन जांच अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक नरेंद्र पाण्डेय समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### मारपीट के आरोप में एक गिरफ्तार

**बरही।** आपसी विवाद में हुए मारपीट को लेकर दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 25/24 के प्राथमिकी अभियुक्त प्रदीप केशरी पिता राजेश केशरी उम्र 30 वर्ष ग्राम व थाना बरही जिला हजारीबाग निवासी को बुधवार को बरही पुलिस ने गिरफ्तार किया है और न्यायिक हिरासत में कल भेजा जाएगा।

### हजरत बीड़ी शाह बाबा में उर्स 9 जुलाई को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजरत बीड़ी शाह बाबा का 35वां सालाना उर्स मनाने को ले मंगलवार को मजार शरीफ भुरकुंडा में समिति की बैठक हुई। बैठक में इस वर्ष भी 35वां सालाना उर्स मनाने का निर्णय लिया गया। 8 जुलाई को रात्रि 8 बजे मजार शरीफ का गुसूल एवं खादिम ग्यास खान के द्वारा चादरपोशी और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 9 जुलाई को संध्या चार बजे भुरकुंडा थाना द्वारा चादरपोशी की जायेगी। इसके बाद आम लोगों द्वारा की जायेगी। बैठक में सर्वसम्मति से उर्स कमेटी का गठन किया गया। जिसमे मुख्य संरक्षक भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, संरक्षक महेश्वर साहू, अध्यक्ष जगतार सिंह, उपाध्यक्ष राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, उमाशंकर जयसवाल, गुलाम साबिर व रिजवान मंसूरी, सचिव शंकर जयसवाल, सह सचिव डब्लु सिंह, इम्तियाज अंसारी, मसुद रहबरी, राज खान व सुरेन्द्र राम, कोषाध्यक्ष एहसान खान, सह कोषाध्यक्ष मो वसीम चुने गये। वहीं सदस्यों में असलम खान, छोटु खान, रोडा सिंह, मो. नईम, डब्लु खान, मो. साबिर, मो. मसकुर, हाजी महबुब शामिल हैं।

### क्षेत्र में बिछ रहा सड़कों का जाल : अंबा प्रसाद



बड़कागांव ।विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्राम सुद्दढ़ीकरण योजना के तहत सड़कों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग ने दी। इन सड़कों का होगा सुद्दढ़ीकरण- बड़काकांव प्रखंड क्षेत्र के सीसीएल उरीमारी चेक पोस्ट से तिलैया तक 2.300 किमी सड़क सुद्दढ़ीकरण लगभग एक करोड़ की लागत से, डाड़ी मोड़ से मंझली डाड़ी तक 1.860 किमी सड़क लगभग एक करोड़ 71 लाख की लागत से, पुंदौल से मरदुसोती तक 2 किलोमीटर सड़क सुद्दढ़ीकरण एक करोड़ 88 लाख की लागत से, टी02 से सुकूलखपिया पथ तक लगभग 2.800 किमी सड़क एक करोड़ 93 लाख की लागत से बनेगा। विधायक ने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कोयला एवं खान मंत्री से की मुलाकात

**चतरा।** स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह ने दिल्ली में कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी से शिष्टाचार भेंट की और चतरा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने चतरा की समस्याओं का समाधान और विकास को गति देने के लिए मंत्री से आग्रह किया। श्री सिंह ने चतरा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों पर भी चर्चा की और स्थानीय निवासियों के प्रति गंभीरता से विचार विमर्श किया।

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जपुआ में निवास कर रहे आदिम जनजाति के लोगों के बीच स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिविर लगाकर निशुल्क जांच किया गया। जहां बिरहोर परिवारों के दर्जनों सदस्यों का हीमोग्लोबिन बुखार जैसे की बीमारियों का जांच की गई एवं निशुल्क दवा दिया गया।

## सिमरिया में 50 बेड के अस्पताल निर्माण में अनियमितता

**सिमरिया।** अनुमंडल क्षेत्र के सिमरिया में रेफरल अस्पताल के प्रांगण में आपातकालीन कोरोना काल से निबटने के लिए 50 बेड का अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। जहां जमीन ढलाई में 3 बालू और 3 मेटल के साथ एक कड़ाही सीमेंट दिया जा रहा है। जबकि ढलाई के लिए 3/1 का मसाला से ढलाई करना होता है। किंतु सारा नियम को ताख पर रख कर स्वेंदक काम कर रहा है। और तो और एसीसी सीमेंट के जगह बांगुर सीमेंट से ढलाई की जा रही है ।वैसे में ढलाई की गुनवता क्या होगी समझने वाली बात है। वहीं ठिकेदार द्वारा अवैध बालुओं का भंडारण किया गया है।

## अवैध लकड़ी से लदा ट्रैक्टर जब्त

**चतरा।** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर चपका अस्कल के जंगल से अवैध लकड़ी से लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है, हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। प्रतापपुर के विभिन्न वन क्षेत्रों में लकड़ी तस्कर हावी हैं और गाहे बगाहे ऐसी कार्रवाई से थोडे.दिनों के लिए माफिया शांत होते हैं लेकिन इस पर विराम नहीं लगता, फिलहाल वन विभाग की टीम इलाके में लगातार छापेमारी कर रही है।

## मोटरसाइकिल की चोरी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी अशोका होटल के पीछे से बुधवार की शाम लगभग 6:30 बजे एक मोटरसाइकिल जेएच12एन/0681 की चोरी हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चाराडीह पंचायत के ग्राम चुटियारो निवासी विजय साव पिता स्व.नेश्वर साव अपनी मोटरसाइकिल से सब्जी खरीदने सब्जी बाजार गए थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इस संबंध में उन्होंने तिलैया थाना में एक आवेदन दिया है।

## ट्रैक्टर का ट्रॉली चोरी कर चोर हुए फरार

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में चोरों द्वारा लगातार चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रही है। बीती रात चोरों ने सुभाष चौक स्थित चौहान इंजीनियरिंग वर्कस से ट्रैक्टर का ट्रॉली चोरी कर फरार हो गया।

## अबुआ आवास व शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने बुधवार को चंदवारा प्रखंड अंतर्गत उरवां पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों से बातचीत कर लाभुकों को जल्द से जल्द आवास निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। वही 15वें वित्त आयोग से बनाये जा रहे शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने मनरेगा के तहत निर्माणाधीन विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये।

# स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गयी। बैठक में जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रथम प्रसव पूर्व जांच को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में प्रगति लाएं, उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण का कार्य समय पर करें, साथ ही गर्भवती महिलाओं का एचआईवी समेत अन्य जांच करवाना सुनिश्चित करें।

वहीं उन्होंने कहा कि जिले के जिन पंचायतों में सेक्स रेशियो कम है, ऐसे पंचायतों को चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, साथ ही परिवार नियोजन को लेकर आमजनों को जागरूक करें। वहीं उपायुक्त ने अनीमिया मुक्त को लेकर जिले के सभी स्कूली बच्चों को शत प्रतिशत दवा देने, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण को लेकर विशेष रूप से कार्यक्रम का आयोजन करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, डीएस डॉ.रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीटीओ डॉ. रमण कुमार डीआरसीएचओ डॉ कुलदीप कुमार, बीडीओ मरकच्चो, जयनगर, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, सुमित सिन्हा आदि मौजूद थे।



### योग्य अभ्यर्थियों को सावित्री फुलेबाई किशोरी योजना का लाभ दें : उपायुक्त

उपायुक्त की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ योग्य अभ्यर्थियों देने, साथ ही प्रधानमंत्री मातृ योजना का लाभ देने आदि का निर्देश दिया।

## आकांक्षी प्रखण्डों में चलाया जाएगा सम्पूर्णता अभियान

**कोडरमा।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत मरकच्चो और जयनगर प्रखंड में आयोजित होने वाले सम्पूर्णता अभियान को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के निर्देश के आलोक में दोनों प्रखंडों में एक जुलाई से 30 सितंबर तक सम्पूर्णता अभियान चलाया जाना है।

वहीं उन्होंने कहा कि आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो और जयनगर में सम्पूर्णता अभियान का आयोजन बेहतर तरीके से करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित इंडिकेटर पर 100 प्रतिशत सैचुरेशन करना है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी प्रखंडों में चलने वाले अभियान में हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एग्रीकल्चर और शिक्षा समेत विभिन्न 6 बिंदुओं पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए 100 प्रतिशत सैचुरेशन करना है, अभियान के दौरान दोनों प्रखंडों के गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी निबंधन करवाना सुनिश्चित करें। वहीं एग्रीकल्चर कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत कृषकों का मृदा जांच करते हुए कार्ड उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से सम्बंधित स्टॉल लगाने, कार्यक्रम को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीटीओ डॉ. रमण कुमार डीआरसीएचओ डॉ कुलदीप कुमार आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## बिरहू जंगल से सखुआ का पेड़ की कटाई अंधाधुंध, धंधेबाज बल्लेबल्ले

अशोक कुमार

प्रतिदिन दो से तीन खेप 407 वाहन से भेजी जाती है सखुआ का बोटा



**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड के बिरहु वन क्षेत्र अंतर्गत बिरहु जंगल से इन दिनों अंधाधुंध साल का पेड़ कटाई कर उसका बोटा बना कर बाहर बेचने का धंधा जोरों पर किया जा रहा है। इस तरह यह धंधा प्रतिदिन दो दो407 वाहनों से बाहर मोटी रकम लेकर बेचा जाता है। हालांकि यह काम में बिरहु वन क्षेत्र के कर्मी भी शामिल है। वन कर्मियों को प्रतिमाह एक मोटी रकम के रूप में 20 से 30 हजार रुपए दिया जाता है। जबकि प्रतिदिन बिरहु जंगल में सखुआ का पेड़ की कटाई की जानकारी संबंधित वन कर्मियों को है। फिर भी रुपए की लालच में इन्हे कोई लेना देना जंगलों से नहीं है। केवल खाना पूर्ति के लिए इधर उधर गरीब असहाय लोगों को धरपकड़ करते नजर आते है। वैसे में केंद्र सरकार से लेकर वन विभाग को लाखों करोड़ों का चुना लगाया जा रहा है और लकड़ी विक्रेता मालोमाल हो रहे हैं।वन विभाग जंगलों और पेड़ों की सुरक्षा के लिए जगह जगह सिपाही से लेकर वन कर्मी तैनात किए है। वन सुरक्षा के लिए वन कर्मियों को प्रतिमाह तनख्वाह दी जाती है। किंतु हैरत की बात है की प्रति वर्ष पौधा लगाने के नाम पर करोड़ों खर्च किया जा रहा है फिर भी जंगलों का दुर्दशा देखने लायक है। ना मिलेगा पेड़ ना मिलेगा पौधा केवल की जाती रही है गोरखधंधा। आपको बता दें की अंधाधुंध पेड़ों को कटाई से जहाँ पर्यावरण पर सीधा असर पड़ रहा है वहीं वर्षा होने में काफी बुरा असर पड़ रहा है। साथ हीं इंशानो को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि पेड़ो की कटाई निरंतर जारी रहा तो आने वाला दिनों में इंशानों को हमेशा ऑक्सीजन खरीद कर लेना पड़ेगा। जिसका जिम्मेवार खुद इंशान होंगे।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सीएचओ को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम बैच के सीएचओ को बुधवार को कुष्ठ रोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं डॉ. रमण कुमार एवं काशीनाथ चक्रवर्ती ने जिले के सभी प्रखंडों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थापित 25 सीएचओ को कुष्ठ रोग के पहचान एवं उपचार के साथ कुष्ठ रोग से होने वाले विक्लांगता की रोकथाम, रिएक्शन मैनेजमेंट, एमटी, रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी तथा कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी गई।

## गोल्डन व्यू फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के रांची-पटना रोड स्थित तिलैया थाना के बगल में रवि लता कॉम्प्लेक्स में बुावार को गोल्डन व्यू फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर प्रशासक हर्षवर्धन, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरशद खान, समाजसेवी शैलेश कुमार सोलू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया।

# छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के परीयोजना बालिका उच्च विद्यालय देवीपुर परिसर स्थित मॉडल विद्यालय में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड के 18 विद्यालय के 598 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक डॉ.नीरा यादव ने बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर विधायक डॉ.नीरा यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक को संबोाित करते हुए कहा की साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। वहीं छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विजय यादव, रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, बेदु साव, बसन्त साव, नन्दकिशोर भारती, टिपन पासी, अर्जुन महतो, सुशील कुमार, मनोज ठाकुर, कल्याण विभाग के योगेंद्र कुमार, इंतकाल आलम समेत कई अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के बीच मना 9वीं वर्षगांठ

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के नौ वर्ष पूरे होने पर नगर परिषद झुमरीतिलैया के द्वारा श्रम कल्याण केंद्र सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के बीच 9वीं वर्षगांठ मनाया गया। वहीं सभी लाभर्थियों को प्रशासक ने शॉल देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं हमारा स्वच्छ झुमरीतिलैया के विषय पर लाभार्थियों के बच्चों के बीच एक पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## विद्यालय परिसर में विधायक ने किया पौधरोपण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परियोजना उच्च विद्यालय देवीपुर परिसर में विधायक डॉ.नीरा यादव के द्वारा पौधरोपण किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि आज के दौर में वातावरण को शुद्ध करने के लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है क्योंकि वातावरण प्रभावित होने से मानव जीवन पर संकट आ सकता है। जिस तरह पेड़ पौधों की कटाई हो रही है, उससे आने वाले दिनों में वातावरण प्रभावित हो सकता है। आज हर किसी को अपने जीवन में एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए।

## शिक्षा विभाग की लापरवाही, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ : सईद

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर जिले के शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही के कारण परीक्षा से वंचित छात्रों के लिए पुनः परीक्षा का आयोजन की मांग करते हुए छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ में संलिप्त सभी अधिकारियों और पदाधिकारीयों पर कड़ी करवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि 30 जून रविवार को 9वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा राज्यभर में आयोजित हुई थी। मगर शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही और परीक्षा के प्रति सजग नही रहने के कारण 10 हजार 189 बच्चों में मात्र 4554 बच्चे ही परीक्षा में शामिल हो सके। जबकि 5635 बच्चे परीक्षा केंद्र तक पहुंचे ही नहीं, कारण यह था कि मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर न तो शिक्षा विभाग की ओर से किसी तरह की स्पष्ट जानकारी दी गई और न ही स्कूल के शिक्षकों के द्वारा बच्चों को इस परीक्षा के बारे में बताया गया और न ही बच्चों को परीक्षा में शामिल करने हेतु एडमिट कार्ड दिए गए थे।

## शिक्षक अगर मेहनत करते हैं तो पीढ़ियां बदलती है: उपायुक्त



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिला खनिज निधि सह प्रशिक्षण भवन हॉल में तकनीकी युग में भारतीय शिक्षा प्रणाली के भविष्य की खोज पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुंबई से आए ग्लोबल टीचर अवार्ड 2020 के विजेता एवं वर्ष 2016 के इनोवेटिव शोधकर्ता रंजीत डिसले ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से बच्चों को पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाई जा सकती है और विद्यालय तक शत-प्रतिशत बच्चों को लाया जा सकता है। उन्होंने अमेरिका के सरकारी विद्यालयों में आधुनिक रूप से छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा के बारे में भी जानकारी दी। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि महाराष्ट्र के सरकारी विद्यालय से अपनी कैरियर की शुरूआत करने वाले रंजीत डिसले ने कम संसाधनों में तकनीकी का प्रयोग कर बच्चों को शिक्षित बनाने एवं वैश्विक स्तर से जोड़ने में हर संभव प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सबसे अहम भूमिका शिक्षक की होती है और उन्हें उम्मीद है कि सभी शिक्षक सेमिनार के माध्यम से शिक्षा गुणवत्ता की जानकारी लेकर जाएंगे और इसे विद्यार्थियों के बीच पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करेंगे। सेमिनार में उपायुक्त चतरा द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मो. एजाजुल हक उत्क्रमित उच्च विद्यालय दिवानखाना को शॉल एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बचपन प्ले स्कूल में मना येलो कलर-डे




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल में नर्सरी के बच्चों के द्वारा येलो (पीला) कलर-डे मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या ने रंग की पहचान एवं उसकी भूमिका को बताते हुए की। वहीं नर्सरी क्लास के बच्चे पीले रंग में अलग-अलग वस्तु, पदार्थ बनाकर आकर्षित ढंग से प्रस्तुत हुए। जैसे ब्रह्ममजा, शामी, दिव्यांश सन फ्लावर (सूर्यमुखी फूल), चीराग, सुयान, रव्या ने सन (सूरज), रियांश, सागर, रिशा, वेदान्त, जीयान, मार्या मैंगो (आम), हलिमा, सर्व्या, रोशन, बनाना(केला), अविका बटरफ्लाई (तितली) जितेश बस, दिव्या डक बनकर आए थे। वहीं प्राचार्या ने बताया कि यह कहना गलत नहीं होगा कि रंग दिवस कार्यक्रम एक शानदार कार्यक्रम रहा, जिसने न केवल नर्सरी के बच्चों को एकजुट किया।

# नये उद्यमियों को उचित प्रशिक्षण और मंच प्रदान कर रही सरिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** सरिता पांडेय एक प्रैक्टिसिंग कंपनी भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन रांची, झारखंड की संस्थापक और सचिव हैं। सरिता नए उद्यमियों के लिए उचित प्रशिक्षण और मंच प्रदान कर रही है। इन दिनों उनकी संस्था लोकप्रिय हो रही है और नए उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रही है।

उन्होंने बताया कि उनके पास कंपनी अथवा व्यक्ति के कानूनी और अनुपालन मामलों में आठ से अधिक वर्षों का अनुभव है।

उनका मुख्य फोकस क्षेत्रों में कंपनी का गठन और पंजीकरण पर है। उनके फोकस में एकमात्र स्वामित्व, निजी लिमिटेड कंपनी, सीमित देयता साझेदारी, साझेदारी फर्म, धारा 8 कंपनियाँ, निदेशकों की नियुक्ति, त्यागपत्र और वार्षिक फाइलिंग जैसे बैलेंस शीट, वार्षिक रिटर्न, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल मामलों, उद्यम पंजीकरण, नीति आयोग पंजीकरण, जीएसटी, आयकर, एफएसएसएआई, ट्रेडमार्क, व्यापार लाइसेंस, वेबसाइट डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक कंपनी सचिव के रूप में उनकी भूमिका सिर्फ काम लेवल तक ही सीमित नहीं है बल्कि उनको उद्यमी बनाने में भी मदद करना है। उनका उद्यम पंजीकरण फाइल करना, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, उन्हें बैंकों द्वारा स्वीकृत सब्सिडी वाले ऋण के लिए आवेदन करने में मदद करना, उचित अनुपालन द्वारा नए उद्यमियों के लिए मदद करना भी है।

पिछले कुछ वर्षों में वे लगातार एमएसएमई की योजना पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और नए उद्यमियों को उचित प्रशिक्षण और मंच दे रही हैं ताकि वे लाभान्वित हो सके। सरिता महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य और स्वच्छता, कानूनी जागरूकता और समर्थन, बाल कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक विकास, आपदा राहत सहित अन्य विषयों पर उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला कुल्हाड़ी से माथे पर किया वार गंभीर रूप से घायल : रेफर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव में मंगलवार की देर शाम एक पत्रकार पर गांव के ही छः लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया है। यह मामला जमीन खरीद बिक्री को लेकर उत्पन्न हुआ। जिसमें एक अखबार के पत्रकार पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इस हमले में पत्रकार कुदुश आलम बुरी तरह से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों ने पहले थाना लाया।जहां से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए चतरा व हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इस बाबत कुदुश आलम के फर्द बयान पर गांव के छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई गई। दर्ज प्राथमिकी में गांव के मो. मुस्तफा, मो. इश्तियाक, मो. आरिफ, मो. दिलशाद, मो. शमशाद एवं गुलबसा परवीन का नाम शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष के मो.आरिफ ने भी अपने बचाव को लेकर थाना में आवेदन दिया है। इधर पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। बताया जाता है कि गांगपुर गांव के कुदुश आलम एक अखबार में काम करता है। गांव के पप्पू गुप्ता से जमीन खरीदने की बात किया था।वह जमीन दूसरे पक्ष के लोग लेना चाह रहे थे। मंगलवार के देर शाम बयाना के तौर पर 60000 रुपया देने जा रहा था। इसी क्रम में मुस्तफा के साथ-साथ अन्य पांच लोगों ने अचानक हमला बोल दिया। जबकि टांगी से माथा पर हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। जबकि 60000 नगदी भी छीन लिया। जबकि मोटरसाइकिल व मोबाइल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके पूर्व भी कुदुश के द्वारा इन लोगों के विरुद्ध थाना में सन्हा दर्ज करवाया गया था।

### 15 दिनों के अंदर निर्बाध बिजली देने की आश्वासन के बाद पांचवे दिन धरना प्रदर्शन स्थगित

# सड़क सप्ताह सुरक्षा समिति की बैठक के बाद नो इंट्री होगा लागू: एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी से टंडवा क्षेत्र में निर्बाध बिजली की मांग, नो इंट्री एवं सड़क दुर्घटना मुवाबजा नीति की मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय समीप सीआरपीएफ कैम्प के पास चतरा सांसद कालीचरण सिंह एवं सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता मंडल अध्यक्ष एवं भापजा के सैंकड़ो नेतागण व कार्यकताओं के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान पांचवे दिन सिमरिया एसडीओ सन्नी के अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता किया गया।

जिसमें तीन सूत्री मांग से सम्बंधित काफी चर्चा- परिचर्चा के बाद वर्तमान में 5 मेगावाट मिल रहे टंडवा को निर्बाध बिजली के लिए 10 मेगावाट की आवश्यकता है, इसकी पूर्ति के लिए एनटीपीसी के सीजीएम ने कहा की आगामी 15 दिनों के अंदर अपने उच्च अधिकारियों एवं सम्बंधित विभाग से बात कर टंडवा को निर्बाध दिलाने की आश्वासन दी, जबकी एसडीओ ने कहा कि बाकी अन्य दो मांग भी बहुत जल्द ही पूरा किया जाएगा।



इसी आश्वाशन के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित हो गया। वार्ता में मौजूद सिमरिया विधायक ने कड़ी शब्दों में कहा कि यदि यह आश्वासन विफल हुई तो पुनः अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर कोल वाहनों की चक्का जाम कर पूरे टंडवा क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी जाएगी। वार्ता के बाद लोगों में असंतुष्टि दिख रहा था। एवं पूरे चौक चौराहे में धरना विफल की चर्चा हो रही थी। लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि जब विधायक खुद से आंदोलन करे और कोई भी समाधान तुरंत नही हो, यह आंदोलन विफल का साबित होता है। हालांकि यह आंदोलन की समर्थन टंडवा व्यवसायिक संघ ने भी की है। अब देखना है कि सच मे तीन सूत्री मांगे पूरी होती है या नहीं मौके पर आम्रपाली जीएम, एनटीपीसी एवं बिजली विभाग के कई अधिकारी सिमरिया एसडीओ एवं तमाम आंदोलनकारी मौजूद थें।

## संदेहास्पद स्थिति में मौलाना साहबुद्दीन की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत रघुनियाडीह गांव के मौलाना साहबुद्दीन की हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के छूतहरी कटिया के समीप संदेहास्पद स्थिति में मौत 30 जून को हो गई।

इस मामले को लेकर बरकट्ठा पुलिस के अनुसार मौलाना साहबुद्दीन की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। लेकिन मृतक मौलाना की पत्नी असगरी खातून ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर उसके पति को मोबलिंचिंग कर पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा बुधवार को पीड़ित परिवार के घर रघुनियाडीह पहुंचे। इस दौरान मृतक की पत्नी असगरी खातून से मिलकर उनको हिम्मत दिया और आर्थिक मदद के रूप में 51 हजार रूपये दिया एवं कहा कि इस केस लड़ने में जितने भी पैसे खर्च होंगे मैं खर्च करूंगा।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने निधन पर जताया शोक



**नीलांबर पीतांबर पलामू।** राजहारा के भुनेश्वर मांझी के पुत्र ओमप्रकाश उर्फ बिट्टू (30) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके दो छोटे बच्चे हैं। सूचना मिलने पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता उनके दाह संस्कार में शामिल हुए। विधायक ने इसपर गहरा दुख जताया। मौके पर प्रमुख सुनील पासवान, पिपरा खुर्द के पूर्व मुखिया अजय पासवान, समाजसेवी कमेश यादव, पप्पू मिश्रा व कई लोग मौजूद थे।

### स्कूली छात्राओं के बीच बांटी साइकल



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के कई सरकारी स्कूल की छात्राओं के बीच बुधवार को साइकल बांटी गयी। प्रखंड कार्यालय परिसर में उपस्थित छात्राओं के बीच साइकल वितरण मुख्य अतिथि जिला पार्षद विजय रविदास ने किया। साइकल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान छा गयी। कहा कि साइकिल मिल जाने से ग्रामीण छात्राओं को स्कूल आने जाने में अब काफी सहूलियत होगी। मौके पर कल्याण पदाधिकारी, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्कूल के समय पर शिक्षक-बच्चे गायब



**चैनपुर (पलामू)।** बरांव पंचायत के करमाहा टोला का उप्रावि करमाहा चैनपुर 2 का प्रमुख गायत्री देवी ने निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चे व शिक्षक स्कूल से नदारद मिले। शिक्षक सुदामा चौधरी ने गांव के बच्चे विक्की पर स्कूल की जिम्मेदारी सौंप शराब पीने स्कूल से गायब हो गये। प्रमुख ने विक्की से शिक्षक के बारे में पूछा तो उसने कहा कि उनका रोज का यही रवैया है। प्रमुख ने डीएसई रंधीर कुजूर को फोन कर जानकारी दी। डीएसई ने कहा कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### पांकी विस के सभी कार्यकर्ता होंगे सम्मानित



**निलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के पुरानी ब्लॉक परिसर अटल स्मृति भवन में एक बैठक रखी गयी। बैठक के मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशी भूषण मेहता विशिष्ट तिथि जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी के साथ सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं मंच मोर्चा के सभी लोग भाग लिये। सर्वप्रथम अटल स्मृति भवन में एक आम का पौधा लगाया गया। विधायक ने कहा कि इस लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत हुई है। इस जीत का श्रेय हर एक बूथ कार्यकर्ता को जाता है और वह सम्मान के पात्र हैं और इन्हें सम्मानित किया जायेगा। समारोह 12 जुलाई को अटल स्मृति भवन के सामने 11 बजे से रखा गया है। बैठक में शंकर गुप्ता, राजीव रंजन शुक्ला, नीलकंठ गिरी, शत्रुघ्न सिंह, श्याम ओझा, विजय पाठक, चंचल यादव मौजूद थे।

### हिंदू धर्म के स्वयंभू ठेकेदार बनते हैं भाजपा के नेता : बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा के नेता हिंदू धर्म के ठेकेदार स्वयंभू ठेकेदार बनते हैं। दरअसल, हिंदू व हिंदुत्व एक विचार है। इसकी कोई शुरुआत व कोई अंत नहीं है। उस विचार का स्वयंभू ठेकेदार बनने की कोशिश भाजपा की छोटी सोच वाले नेता कर रहे हैं। भाजपा इस बात से स्तब्ध है कि उनके आका को बरसों बाद किसी ने सदन में आईना दिखाया है। कहा कि आरएसएस व भाजपा के नेता ही केवल हिंदू नहीं है बल्कि देश के करोड़ों लोग हिंदू समाज के है। हिंदू होने के लिए किसी को भाजपा के सर्टिफिकेट की जरुरत नहीं है।

### प्रेम प्रसंग में नाबालिग को भगाने वाला पारा शिक्षक का बेटा गया जेल



**रामगढ़, पलामू।** काचन गांव के ठेकही टोला निवासी रितेश सिंह (19) पिता महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। महेंद्र पारा शिक्षक हैं, जबकि उसकी मां समूह के माध्यम से जनवितरण प्रणाली की दुकान चलाती है। रितेश 23 जून को 14 वर्ष की किशोरी को प्रेम प्रसंग में शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। इस संबंध में मंगलवार को लड़की की मां ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रितेश को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### राहुल गांधी का बयान हिंदू विरोधी और दुर्भाग्यपूर्ण है : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपने पहले भाषण में राहुल गांधी के अन्य विषयों के साथ हिंदुओं को हिंसक कहने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होंने राहुल के बयान पर कहा कि हिंदुओं के प्रति उनका यह बयान भारत के साथ पूरे विश्व के लिए दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

### सदाचार और ज्ञानी का अभिनंदन करती है दुनिया : जीयर स्वामी



**मेदिनीनगर।** जिले के सिंगरा में चातुर्मास व्रत कथा प्रवचन में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जिसके अंदर सदाचार और ज्ञान होता है उनका ही अभिनंदन होता है। कोई धन से बड़ा हो सकता है, कोई आयु से बड़ा हो सकता है, कोई बल से बड़ा हो सकता है, कोई पद से बड़ा हो सकता है लेकिन दुनिया में सबसे बड़ा वही होता है जो सदाचार, ज्ञान और भक्ति से बड़ा हो, वहीं दुनिया में सबसे बड़ा है। ज्ञानी का पूरी दुनिया हमेशा अभिनंदन करती है।

पर्यावरणविद कौशल ने किया निःशुल्क पौधरोपण और वितरण अभियान का शुभारंभ

# रसिया के अजरबैजान से पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा : कौशल

- मणिपुर में जातीय हिंसा को लेकर आइएनडीआइए महा गठबंधन का धरना-प्रदर्शन, निकाला जुलूस





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रसियन कंट्री अजरबैजान के राजधानी बाकू के एक होटल मेरीओट में आयोजित सम्मान समारोह में भारत से आये वैसे प्रख्यात लोगों को सम्मानित किया गया, जो समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा व परिश्रम के बल पर एक अलग पहचान बनायी व ख्याति प्राप्त की है। सम्मान समारोह का शुभारंभ अजरबैजान के टूरिस्ट डायरेक्टर विश्व के साउथ ईस्ट रीशन व झारखंड पलामू के लाल ट्री मैन से विख्यात विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल एवं खडवानी और मौनिका लुइस के साथ संयुक्तरूप से किया। समारोह के उदघाटन के उपरांत पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को पौधा देते हुए पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि दुनिया को बड़ी दुर्घटना होने से बचाना है तो विश्व के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा।

# अहंकार में हुई थी हत्या : एसडीपीओ

- हत्या के तीन दिन बाद पुलिस ने किया दो अपराधी को गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता स्थित शौचालय के पास सागर डोम की हत्या अज्ञात अपराधियों ने चाकू से गोदकर व पत्थर से सिर कुचलकर कर दी गयी थी। इस मामले में सेवा सदन रोड निवासी मृतक के पिता संजय राम नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। इसमें राज कुमार उर्फ गोलू व सूरज डोम एवं अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पुलिस ने राज कुमार उर्फ गोलू व नीरज कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों ने दिये गये घटना की पूरी जानकारी पुलिस को बताते हुए अपना अपराध स्वीकार किया।

**खास बातें :** एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने शहर थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि मृतक सागर डोम एवं राज कुमार उर्फ गोलू, सूरज कुमार तीन चार दिन पूर्व कोयल नदी तट पर बैठे हुए थे। जहां पर सागर डोम ने अपना बॉडी दिखाते हुए कहा कि हमसे सतर्क रहना। यह बात उक्त लोगों को नागवार गुजरा। इसके बाद 30 जून की रात्रि में सभी लोग नावाहाता स्थित शौचालय के पास पी रहा रहे थे। जहां उक्त लोगों ने पूछा कि यह बात तुम क्यों बोला था। इसी को लेकर बात बढ़ती गयी। इसके बाद नीरज, गोलू, सूरज व अन्य लोगों ने मिलकर उसे चाकू से मारकर जख्मी किया। इसके बाद पत्थर से सिर कुचलकर कर दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में फरार अन्य अपराधी में गिरफ्तार किये जायेंगे। पुलिस ने घटनास्थल से दो चाकू, एक बड़ा पत्थर, शराब की दो बोतल, सिगरेट व अन्य सामान बरामद किया है। प्रेस वार्ता में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार व अन्य पुलिस मौजूद थे।

बढ़ती आपराधिक घटना को लेकर स्वर्णकार संघ ने की बैठक

# झारखंड में स्वर्ण व्यवसायी सुरक्षित नहीं हैं: दुर्गा जौहरी

- पुलिस अधीक्षक को सौंपा मांग पत्र
- पुलिस अपराधियों पर लगाये अंकुश अन्यथा होगा आंदोलन : धनंजय सोनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आपराधिक घटनाओं के प्रति चिंता व्यक्त करते व्यवसायी।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों में स्वर्ण व्यवसायियों के साथ हो रहे अपराधिक घटनाओं को लेकर पलामू जिला स्वर्णकार संघ ने बैठक की। बैठक में बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर चर्चा की गयी। साथ ही इस घटना से निपटने के लिए क्या कुछ किया जाये इस पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद जिलाध्यक्ष धनंजय सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को मांग पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने कहा कि पलामू ही नहीं पूरे झारखंड में अपराधियों द्वारा स्वर्ण व्यवसायियों को लक्ष्य कर घटना को अंजाम दिया जा रहा है इस कारण स्वर्ण व्यवसायी सकते में आ गये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था एवं पुलिस की निरंकुशता के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। जिस कारण अपराधी बेखौफ होकर घटना को अंजाम देकर भागने में सफल हो रहे हैं। पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

■ श्री जौहरी ने डीजीपी व सरकार से मांग की है कि झारखंड के स्वर्ण व्यवसायियों को सुरक्षा मुहैया किया जाये और अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दी जाये। जिलाध्यक्ष धनंजय सोनी ने कहा कि पलामू जिला के सतबरवा, पांकी, छतरपुर, नावा समेत अन्य प्रखंडों में स्वर्ण व्यवसायी अपराधिक घटनाओं के शिकार हुए हैं जिसमें पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है। श्री सोनी ने कहा कि 30 जून को छतरपुर प्रखंड में बृज बिहारी सोनी के साथ अपराधियों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया है।

# गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश

- आकांक्षी जिला में सम्पूर्णता अभियान के शुभारंभ को लेकर डीडीसी ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान की तैयारी से संबंधित बैठक की। बैठक में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का लॉन्च उपायुक्त से अनुमोदन के पश्चात 4 से 6 जुलाई के बीच करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत जिले के आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज में तय तिथि को संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा।

**खास बातें :** आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ न्यूट्रीशन, एग्रीकल्चर एवं सोशल डेवलपमेंट से संबंधित 6 इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। वहीं उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज एवं आकांक्षी जिला पलामू में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिये। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन करना है। आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ एंड न्यूट्रीशन, एग्रीकल्चर एवं एजुकेशन समेत विभिन्न 6 बिंदुओं पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन करना है। हेल्थ एंड न्यूट्रीशन के अंतर्गत उप विकास आयुक्त ने गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन कराने की दिशा में समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुवा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉअसीम, पशुपालन पदाधिकारी, पिरामिल फाउंडेशन से डिस्ट्रिक्ट लीड अनिल समेत अन्य उपस्थित थे।

### बिजली तार की चपेट में आने से एक की मौत



**मेदिनीनगर।** पंडवा थाना क्षेत्र के लोहड़ा निवासी चंद्रदेव राम के पुत्र राजकेश अपनी खेत में घोरानी का काम कर रहा था। इसी दौरान बिजली तार ऊपर से टूटकर गिर गया। वह तार की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे परिजन मेदिनीराय मेडिकल अस्पताल कॉलेज भर्ती कराये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## एनसीपी और टीम सूर्या ने हुसैनाबाद में की एक बूथ दस यूथ कार्यक्रम की शुरुआत




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक के निर्देश पर बुधवार को पार्टी कार्यालय में युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह व संचालन युवा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश राजवंशी ने की। बैठक में युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर 10-10 युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष हरि सिंह ने कहा कि इसकी शुरुआत हुसैनाबाद प्रखंड से की गयी है। युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश राजवंशी के मार्गदर्शन ने सभी 22 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ायेंगे।

## खाद बीज की समुचित व्यवस्था करे सरकार: कर्नल संजय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** धान के बिचड़े के बुआई का समय निकाला जा रहा है लेकिन सरकार द्वारा किसानों को खाद बीज मुहैया नहीं करायी गयी है। जिसके चलते किसानों को चिंता है कि कहीं बुआई के समय खाद बीज न मिलने से फसल प्रभावित न हो। जिसे देखते हुए भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कृषि विभाग से मांग की है कि समय रहते खाद बीज सभी केंद्रों व पैक्स में उपलब्ध करवाया जाए, ताकि किसान बिजाई कर सकें। साथ ही किसानों को खाद बीज के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु की आहट हो चुकी है। झारखंड सरकार ने प्रदेश व जिले के किसानों के लिए अभी तक कोई ऐसी कार्य योजना नहीं बनाई है जिससे किसानों को खाद बीज मुहैया हो सके। महागठबंधन सरकार में पिछले कई सालों से व्यापक पैमाने पर झारखंड में खाद बीज का गोरखधंधा अपनी जड़े जमा चुका है। इस वर्ष भी खाद-बीज में मिलावट व कालाबाजारी का अंदेशा है।

### कांग्रेस ने हाथरस की घटना पर जताया शोक



**पाटन पलामू।** यूपी के हाथरस जनपद में भोले बाबा के सत्संग में अचानक हुई भगदड़ से करीब 116 लोगों के मृत एवं हजारों लोगों के घायल होने की दुखद खबर पीड़ादायक है। इसपर छतरपुर पाटन विस में कांग्रेस जनों ने पाटन के सेमरी में शोक सभा की। जिसमें दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर अशोक पासवान, रामानंद पांडे, अनिल सिंह, संजय पासवान, वासुदेव कुमार, सुनील कुमार, शंभू सिंह, बबन प्रजापति, राकेश दुबे, नकुल कुमार, अनिल प्रसाद थे।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी फरियाद



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिसमें जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये दर्जनों फरियादियों की समस्याएं सुनी एवं उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मामले, स्वास्थ्य विभाग के मामले समेत अन्य समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

## सतबरवा में बकरियों के टीकाकरण कार्यक्रम अभियान की हुई शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के रेवारातु गांव में बकरियों का टीकाकरण कार्यक्रम अभियान की शुरुआत बुधवार को किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. तौफीक अहमद के दिशा निर्देश तथा देखरेख में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख रीमा देवी के उपस्थिति में हुई। प्रमुख रीमा देवी ने बताया कि यह कार्यक्रम बकरी पालन करने वाले के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। इस अभियान में अधिक से अधिक बकरी पालकों से टीकाकरण करवाने का आग्रह किया है। मौके पर उपस्थित प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ तौफीक आलम ने बताया कि पीपीआर बकरियों में होने वाली एक गंभीर बीमारी है जिसके लिए सरकार के द्वारा टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

### विस चुनाव में समर्पित कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाये भाजपा : निरंजन

**पाटन पलामू।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान में सिटिंग विधायक पुष्पा देवी है तो घूरन राम शीर्ष नेता से कैसे टिकट का मांग कर रहे हैं। इन पर किसी प्रकार का आरोप भी नहीं है। लोकसभा चुनाव में 25000 लगभग वोट से छतरपुर विधानसभा से बीडी राम के पक्ष में मतदान कराये हैं किसी कारण से टिकट कटता भी है तो इस बार 2024 का विधानसभा चुनाव में बाहरी विधानसभा एवं दलबदलु नेता को जनता एवं कार्यकर्ता स्वीकार नहीं करेगी।

## अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का दिया गया लाभ

- विश्रामपुर की महिला पर्यवेक्षिका ने अयोग्य लाभुकों को दिया भरपूर लाभ
- लाभ प्राप्त कर योजना दिलाने का लगाया आरोप
- उपायुक्त को आवेदन देकर जांच व कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थित कजरू कला पंचायत के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गयी है। परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षिका ने अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया है। 18 फरवरी को उपायुक्त की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में यह बात संज्ञान में आया कि विश्रामपुर परियोजना की उपलब्धता प्रतिशत अन्य परियोजनाओं से काफी ज्यादा 127 प्रतिशत रहने से विश्रामपुर परियोजना के कुछ पंचायतों में जाकर वहां के लाभुकों का स्थलीय जांच कर सत्यापन कराया गया।

### पुलिस ने सरईडीह उवि में चलाया जागरूकता अभियान



**छतरपुर पलामू।** सरईडीह हाई स्कूल के प्रांगण में पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर घरेलू हिंसा, बाल मजदूरी, महिला उत्पीड़न, आत्मरक्षार्थ एवं नये कानून पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। छतरपुर महिला थाना प्रभारी मुनी कुमारी ने देश में लागू नये तीन कानून पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि लोगों को कानून सम्मत कार्य करना चाहिए। कभी भी कानून के विरूद्ध कोई ऐसा कार्य न करें जिससे पुलिस को कार्रवाई करना पड़े।

# हेमंत सोरेन का नेतृत्व ही झारखंड के विकास का आधार है : अभिषेक सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**





हेमंत और कल्पना से मिलते अभिषेक सिंह।

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता अभिषेक सिंह ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से एक भेंट कर आभार प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड की न्याय और अधिकारों की लड़ाई में हेमंत सोरेन जी की भूमिका को सराहा और उन्हें भारत का संविधान भेंट किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने हमेशा ही झारखंड के विकास और जनहित के लिए अपनी निष्ठा और समर्पण दिखाया है। उनके मार्गदर्शन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता जनता के आशीर्वाद के साथ एक बेहतर झारखंड के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि हेमंत सोरेन जी की उपस्थिति हमारे लिए एक प्रेरणा है और उनकी नेतृत्व क्षमता हमें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने हेमंत सोरेन जी को भारत का संविधान भेंट किया, जो हमारे न्याय और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा दस्तावेज है जो हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है और हमें प्रेरित करता है कि हम एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए काम करें, अभिषेक सिंह ने बताया।

**खास बातें :** हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ संघर्ष में कल्पना सोरेन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनके अदम्य साहस और समर्पण ने झामुमो कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया है। अभिषेक ने कल्पना का आभार व्यक्त किया और उनके साहस और शक्ति की प्रशंसा की। कहा कि हेमंत की अनुपस्थिति में कल्पना ने जिस साहस और दृढ़ता के साथ सांप्रदायिक शक्तियों का मुकाबला किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। उनकी नेतृत्व क्षमता और संघर्षशीलता ने हमें प्रेरित किया है और हमें यह सिखाया है कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ता के साथ खड़ा रहा जा सकता है। कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कार्यकर्ता मिलकर झारखंड के विकास और समृद्धि के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

# मांडर में मजलिस ए अजा आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र मांडर गांव में गुरुवार (जुमेरात) 4 जुलाई को होगी मजलिस ए अजा का मजलिस का आयोजन इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस संबंध में बताया गया है कि इस्तकबाल ए अय्याम ए अजा व परचम कुशाई के उनवान से आयोजन की गयी है। जिसमें सोजखानी के लिए जनाब सैयद अतहर हुसैन जाफरी व हमनवां हैदरनगर, पेशखानी के लिए सैयद अली हसन हुसैनाबादी फिरोज तुम्बावी और जोहैर सुल्तानपूरी साहब, मजलिस को खिताब करने मशहूर खतीब अजमेर के मौलाना सैयद गुलजार जाफरी साहब नौहाखानी के लिए जोहैर सुल्तानपुरी साहब तशरीफ ला रहे हैं। मोहर्रम से पहले हर साल मांडर में इस प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है, जिसमे जपला झरगड़ा हैदरनगर तुंबा से जायरीन तशरीफ लाते हैं। ये प्रोग्राम सैयद नौशाद हुसैन और सैयद मोहम्मद हुसैन की निगरानी में होता है। इस प्रोग्राम में इमाम ए जुमा हुसैनाबाद जनाब अली सजीर रिजवी साहब, सैयद रजा, हसन रजा, सैयद शब्बीर हुसैन, तकदीर हुसैन, सैयद कब्बन हुसैन, हसनैन हुसैन, दुलारे हुसैन, प्यारे हुसैन, सैयद तकी हुसैन रिजवी, सैयद फिरोज हुसैन आदि शामिल रहेंगे।

### एईओ ने की कई स्कूलों की जांच सहायक अध्यापक का वेतन रोका

**हरिहरगंज पलामू।** प्रभारी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने बुधवार को प्रखंड के कई विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय दौरा में प्रधानाध्यापक बगैर सूचना के अनुपस्थित पाए गए। वहीं पूछे जाने पर सहायक अध्यापक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके कारण प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगते हुए सहायक अध्यापक का मानदेय स्थगित किया गया है। वहीं स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कटैया में वर्ग कक्ष, अभिलेख, एमडीएम का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय का क्रियाकलाप, वर्ग संचालन संतोष जनक पाया गया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी को कई सुझाव व निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कटैया पंचायत के मुखिया, उप मुखिया द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाने के कारण सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) प्राधिकार नहीं हो सका।

